महत्वपूर्ण एवं खास

अज्ञात वाहन की ठोकर से एक तेंदुए के शावक की हुई मौत

कांकेर (आरएनएस)। जिले के वन परिक्षेत्र अंर्तगत कांकेर-कोरर मार्ग पर स्थित ग्राम बारदोरइ के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से बीती रात में 01 तेंदुए के शावक की मौत हो गई। रविवार की सुबह घटना की जानकारी वन अमला को मिलते ही वन अधिकारी आलोक बाजपाई व उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया गया और तेंदुए के शव को फॉरेस्ट रेस्ट हाउस ले जाया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि वन विभाग ने लगभग पांच माह के तेंदुआ के शावक का शव बरामद किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अज्ञात वाहन के ठोकर से शावक की मौत हुई है, आगे की कार्यवाही की जा रही है।

चोरी के 4 मोटर सायकल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के थाना परपा प्रभारी धनजंय सिन्हा के नेतृत्व में परपा पुलिस ने बाईक चोरी के आरोपी सेवक लाल उर्फ सतीश सिन्हा पिता स्व. बलदेव राम सिन्हा उम्र 38 साल निवासी ग्राम पोलकर्रा थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबन्द, हाल एकटागुड़ा पंचायत कुसमी थाना बकावण्ड जिला बस्तर से चोरी के कुल 04 मोटर सायकल जप्त की गई है। जिसमें 02 मोटर सायकल मेडिकल कालेज डिमरापाल से 01 मोटर सायकल कोतवाली थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी, एवं 01 मोटर सायकल के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है। चोरी की गई 04 मोटर सायकल की अनुमानित बाजार मूल्य 02 लाख रूपये है, आरोपी को आज 19 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

कैबिनेट मंत्री लखमा 85वें राष्ट्रीय महाधिवेशन स्थल के निरीक्षण के लिए पहुंचे

रायपुर (आरएनएस)। नवा रायपुर में प्रस्तावित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय महाधिवेशन कार्यक्रम हेतु पंडाल निरीक्षण के लिए पहुँचे कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा। इस दौरान कांग्रेस के जनप्रतिनिधिगण व पंडाल समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

सीएसवीटीयू करेगा टेंपररी फैकल्टी की नियुक्ति, 21 को इंटरव्यू

रिसाली (आरएनएस)। तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई यूटीडी में टेंपररी फैकल्टी की नियुक्ति करेगा। माइक्रो इलेक्ट्रानिक्स व वीएलएसआई, एनवायरमेंटल एंड वाटर रिसोर्स इंजीनियरिंग में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की जाएगी। इन दो विभागों में प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए अब तकनीकी विवि 21 फरवरी को दोपहर 2.30 बजे से इंटरव्यू लेगा। पहले 23 फरवरी को इंटरव्यू आयोजित किया गया था। इसकी तिथि में परिवर्तन किया गया है। अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग टाइम दोपहर 12 बजे रखी गई है। सीएसवीटीयू भिलाई के यूटीडी में संचालित पाठ्यक्रम के लिए यह नियुक्ति की जाएगी। छह विभागों में कुल 18 अस्थाई फैकल्टी की नियुक्ति के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। शार्ट लिस्ट के बाद पात्र हुए अभ्यर्थी को इंटरव्यू के लिए बुलावा भेजा गया है। छह माह के लिए होने वाली इस नियुक्ति के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर को प्रतिमाह एकमुश्त 71 हजार रुपए मानदेय दिए जाएंगे। गौरतलब है कि तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई में बायो मेडिकल इंजीनियरिंग एंड बायो इन्फार्मेटिक्स, एनर्जी एंड एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग में नियुक्ति की जाएगी।

भोले बाबा के बारात में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा

रायपुर (आरएनएस)। कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हर नीलकंठेश्वर धाम, मठपुरैना पहुँच शिवलिंग का अभिषेक कर पूजा अर्चना किये। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली का कामना किये। इसके साथ ही भोले बाबा के बारात में स्वयं बाजा बजाते एवं झूमते हुए नजर आए।

बहादुर कलारिन ने पेश की करूणा के साथ-साथ अद्भुत अदम्य साहस की अनुपम मिसाल - मुख्यमंत्री बघेल

❐ सोरर में डड़सेना कलार समाज द्वारा आयोजित सरहरगढ़ महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

❐ 90 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों की दी सौगात

बालोद (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कलार समाज सहित समूचे देश एवं छत्तीसगढ़ की गौरव माता बहादुर कलारिन ने करूणा के साथ-साथ अदम्य साहस की अनुपम मिशाल पेश की है। मुख्यमंत्री बघेल आज बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सोरर में डड़सेना कलार समाज द्वारा आयोजित सरहरगढ़ महोत्सव के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। बघेल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि बहादुर कलारिन ने अपने सहासिक कार्यों के माध्यम से यह बताया कि महिलाएँ केवल घर की चारदिवारी तक ही सीमित नहीं है, वरन् उनमें भी निर्णय लेने की क्षमता है। उन्होंने यह साबित किया है कि महिलाएँ जहॉ एक ओर करूणा एवं मानवीय संवेदना से ओतप्रोत हैं, वहीं दूसरी ओर वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाकर उसका प्रतिकार करना भी जानती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डड़सेना कलार समाज के सामाजिक भवन हेतु 50 लाख रूपये, अर्जुनी में सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु 20 लाख रूपये, ग्राम सोरर में ग्राम पंचायत भवन से तुकाराम के घर तक सीसी सडक़ निर्माण हेतु 10 लाख रूपये और ग्राम पंचायत अर्जुनी में विकास कार्यों के लिए 10 लाख रूपये सहित कुल 90 लाख रूपये के विकास कार्यों की सौगात दी। कार्यक्रम में संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा, डड़सेना कलार समाज के प्रदेशाध्यक्ष दीपक सिन्हा, संरक्षक भोजराज सिन्हा, जिलाध्यक्ष चमन लाल सिन्हा, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा, नगर पंचायत छुरिया के अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रप्रभा सुधाकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अन्य सामाजिक प्रमुखगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि माता बहादुर कलारिन की पावन कर्मभूमि सोरर में आकर यहॉ की पूण्य माटी की दर्शन करने की उनकी बहुत पुरानी ईच्छा थी, जो आज पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज यहॉ की पावन भूमि का दर्शन कर उसे अतीव प्रसन्नता हो रही है। बघेल ने कहा कि हमारी सरकार माता बहादुर कलारिन की त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर राज्य के चहुॅमुखी विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पिछले चार वर्षो के कार्यकाल के दौरान हमारा राज्य प्रत्येक क्षेत्रों में प्रगति की है। आप सभी के आर्शीवाद से हमारे राज्य में किसान, मजदूर, व्यापारी, युवा, महिला सहित सभी वर्गों का निरंतर प्रगति हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने राज्य शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के फलस्वरूप राज्य में हो रहे परिवर्तन के संबंध में भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पहले गोबर केवल घर के लिपाई के लिए ही काम आता था, लेकिन आज गोबर पोताई के लिए भी काम आ रहा है। बघेल ने कहा कि राज्य में गोबर पेंट के निर्माण कार्य शुरू होने से स्कूल, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत सहित सभी शासकीय कार्यालयों की पोताई गोबर पेंट से किया जाएगा। उन्होंने जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम बरही के प्राकृतिक पेंट इकाई से गोबर पेंट उत्पादन शुरू होने की जानकारी देते हुए इसे राज्य एवं जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य के 29 स्थानों पर गोबर पेंट निर्माण की शुरूआत की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण नौजवान युवकों को रोजगार

पहली बार गुवाहाटी में होगा आईपीएल 2023 मैच, नागपुर और रायपुर में एक भी मैच नहीं होने से प्रशंसक हुए नाराज

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग का शेड्यूल जारी कर दिया है. इसके साथ ही गुवाहाटी इस वर्ष अप्रैल में पहली बार मैचों की मेजबानी करेगा.राजस्थान रॉयल्स के दो घरेलू मैचों की मेजबानी पूर्वोत्तर के इस सिटी को सौंपी. इससे नागपुर और रायपुर के डायहार्ट क्रिकेट फैंस को बड़ा झटका लगा है. हाल के महीनों में नागपुर और रायपुर अंतरराष्ट्रीय मैचों का सफल आयोजन किया है और यहां के प्रशंसकों को उम्मीद थी कि आईपीएल के 16वें सत्र के कुछ मैच उनके सिटी में आयोजित किए जाएंगे।

असम क्रिकेट संघ (रष्ट्र) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रीतम महानता ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स की टीम पहले मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी जबकि दूसरे मैच में उसका सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा. उन्होंने कहा कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि गुवाहाटी का एसीए स्टेडियम 5 अप्रैल और 8 अप्रैल 2023 को टाटा 023 के दो मैचों की मेजबानी करेगा. गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स का घरेलू मैदान होगा. टीम बचे हुए घरेलू मैच जयपुर में खेलेगी. गुवाहाटी को 2020 में भी राजस्थान रॉयल्स के दो मैच दिए गए थे, लेकन कोरोना महामारी के कारण इन्हें रद्द करना पड़ा था।

2016 में नागपुर और रायपुर में ढ़ढक्करु के 8वें सत्र के कुछ मैच आयोजित किए गए थे. उस वर्ष गर्मियों में वल्ड टी20 टूर्नामेंट के आयोजन के बाद किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) ने नागपुर के वीसीए जामठा मैदान को अपना घरेलू मैदान बनाया था. इससे पहले 2010 में तेलंगाना मुद्दे को लेकर डेक्कन चार्जर्स हैदराबाद ने नागपुर में आईपीएल के कुछ मैच खेला था. वहीं, रायपुर के शहीद वीर नारायण इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम 2016 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) का घरेलू मैदान बना था. उस समय दिल्ली के 2 मैच इस खूबसूरत मैदान पर आयोजित किए गए थे. नागपुर और रायपुर में क्रिकेट प्रशंसकों को कमी नहीं है, बावजूद इसके 2023 में के मैच गुवाहाटी को दिए जाने से वे नाराज हैं।

21 किलो गांजा के साथ गांजा तस्कर गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र अंर्तगत करकापाल रेलवे क्रासिंग के पास से सफेद रंग की स्कार्पियो वाहन से 21 किलो गांजा बरामद कर आरोपी स्कार्पियो वाहन चालक सूर्यानन्द द्विवेदी निवासी उत्तरप्रदेश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने एनडीपीएस की धारा 20 (ख) के तहत मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही किया गया। सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि आज सुबह बोधघाट पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक अपनी सफेद रंग की स्कार्पियो वाहन में संदिग्ध सामान को लेकर करकापाल रेलवे क्रासिंग के आस-पास घूम रहा है। सूचना पर बोधघाट टीआई दिलबाग सिंह के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम करकापाल रेलवे क्रासिंग के पास घेराबंदी करते हुए एक सफेद रंग की स्कार्पियो वाहन यूपी 92 एल 7600 की जांच में पुलिस ने वाहन से लगभग 21 किलो गांजा बरामद किया। जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य 02 लाख 10 हजार रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी वाहन चालक सूर्यानन्द द्विवेदी निवासी उत्तरप्रदेश ने अपना जुर्म कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि वह यह गांजा बेचने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 21 किलो गांजा के साथ स्कार्पियो वाहन को भी जब्त कर लिया है।

सीबीएसई 12वीं की परीक्षा 20 से, दसवीं बोर्ड की परीक्षा 27 से होगी शुरू

जगदलपुर (आरएनएस)। सीबीएसई की वार्षिक बोर्ड परीक्षाएं सोमवार 20 फरवरी से शुरू होंगी। इसमें बस्तर जिले के करीब दो दर्जन से ज्यादा स्कूलों के बच्चे शामिल होंगे। वहीं दसवीं बोर्ड की परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होगी। इस साल बारहवीं बोर्ड में करीब 2 हजार से ज्यादा और दसवीं बोर्ड में करीब 3 हजार से ज्यादा बच्चे शामिल हो रहे हैं। बारहवीं बोर्ड का पहला पर्चा हिंदी का होगा और दसवीं का पहला पर्चा अंग्रेजी का लिया जाएगा, बच्चे परीक्षा की तैयारियों में जुटे हुए हैं। बारहवीं बोर्ड का पहला पर्चा 20 फरवरी को हिंदी का होगा, 24 को अंग्रेजी, 27 को रीटेल, एग्रीकल्चर, मल्टीमीडिया, 28 को रसायन, 2 मार्च को भूगोल, 6 को भौतिक, 11 को गणित, 13 को फिजीकल एजुकेशन, 16 को जीव विज्ञान, 17 को अर्थशास्त्र, 20 को राजनीति शास्त्र, 25 को बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, 29 को इतिहास31 को लेखा, 1 अप्रैल को गृहविज्ञान, 3 को समाजशास्त्र और 5 अप्रैल को मनोविज्ञान का पर्चा होगा।

सीबीएसई के तहत दसवीं बोर्ड का पहला पर्चा 27 फरवरी को अंग्रेजी विषय का होगा। इसके बाद 4 मार्च को विज्ञान, 6 मार्च को गृहविज्ञान, 9 मार्च को एलीमेंट्स ऑफ बिजनेस, 11 मार्च को संस्कृत, 13 मार्च को कम्प्यूटर एप्लीकेशन, 15 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 17 मार्च को हिंदी और 21 मार्च को गणित विषय की परीक्षा का आयोजन होगा।

प्रदेश के तीर्थ भूमियों को विकसित करने कर रहे व्यापक कार्य

❐ ग्राम ठकुराइन टोला में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में कहा

पाटन (आरएनएस)। प्रदेश के तीर्थ स्थलों को विकसित करने की दिशा में हम व्यापक कार्य कर रहे हैं। ठकुराइन टोला में 3 करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है तथा 17 करोड़ रुपये की लागत से लक्ष्मण झूला बनाया जाना है। संत पवन दीवान जी द्वारा इस मंदिर का लोकार्पण किया गया था। मंदिर में हर वर्ष तीर्थ यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम ठकुराइनटोला में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के पश्चात श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे महत्वपूर्ण तीर्थस्थल राजिम में 55 एकड़ क्षेत्र में विकास कार्य किया जा रहा है। यहां पर मेले में आने वाले यात्रियों के लिए रहने की सुविधा भी होगी। इसके पहले मेला नदी तट तक फैला रहता था जिससे नदी में मुरूम भरने से दिक्कत आने की आशंका थी। अब नये परिसर से यह दिक्कत दूर होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरिया से लेकर सुकमा के रामाराम तक नौ तीर्थस्थलों में राम वन गमन क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है। हमने शिवरीनारायण, चंदखुरी और राजिम तीर्थ स्थल में अधोसंरचना विकास किया है। देश में कौशल्या माता के एकमात्र मंदिर में अधोसंरचना विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य हुआ है। मंदिर में आने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश में तेजी से आर्थिक विकास हुआ है और शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अधोसंरचना विकास तेज हुआ है मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में धान उत्पादक किसानों को अपनी मेहनत का सबसे अच्छा मूल्य मिल रहा है और किसानों का संतोष हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है। उन्होंने निषाद समाज द्वारा मंदिर परिसर के विकास के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा की।

वैज्ञानिकों ने कृषि की आधुनिक विधियों पर छात्रों का किया मार्गदर्शन

कोरबा (आरएनएस)। समग्र शिक्षा अंतर्गत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ज़िले के माध्यमिक कक्षा के छात्र छात्राओं कृषि विज्ञान केंद्र लखनपुर के शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया । समग्र शिक्षा के डीएमसी संजय सिंह ने इस अवसर और कहा की भारत एक कृषि प्रधान देश है। यदि प्रारंभ से ही विद्यार्थियों को कृषि की आधुनिक विधियों तकनीकों की जानकारी होगी तो भविष्य में वे इस क्षेत्र में कुशलता के साथ कार्य कर सकते हैं। चयनित विद्यालयों के छात्रों को अध्ययन यात्रा पर ले जाया गया । यहाँ कृषि विज्ञान केंद्र के विभिन्न प्रभागों जिसमें मौसम विभाग, उद्यानिकी विभाग, मृदा विभाग, मछली पालन विभाग दुग्ध एंड डेयरी एमशरूम उत्पादन लाख उत्पादन, मुर्गी पालन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

कृषि विज्ञान केंद्र लखनपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ एसके उपाध्याय ने अवगत कराया कि प्रत्येक जिले में एक कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई है । कृषि विज्ञान केंद्र किसानों को लाभ व स्वरोजगार का विकल्प देता है तथा छात्र-छात्राओं को भविष्य में नौकरी की उपलब्धि देता है। कृषि विज्ञान केंद्र 108 एकड़ भूमि पर फैली हुई है। इसके बाद ताप, आद्रता, हवा की दिशा, वर्षा मापन सूर्य के प्रकाश को किट के द्वारा किस प्रकार से मापते हैं आद्रता की ताप मापन को कैसे करते हैं मिट्टी के ताप को कैसे मापते हैं। वाष्पीकरण की प्रक्रिया का मापन यंत्र द्वारा समझाया गया। वर्षा मापक यंत्र को छात्र. छात्राओं को विस्तार से बताया गया। अर्चना बंजारे द्वारा छात्र-छात्राओं को संतुलित आहार एवं पोषण पर विस्तृत चर्चा किया गया जिसमें कार्बोहाइड्रेट वसा प्रोटीन विटामिंस खनिज पदार्थ पोषण मिलेट्स रागी इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सभी बच्चों ने कृषि विज्ञान केंद्र में शैक्षिक भ्रमण का आनंद लेते हुए विभिन्न कृषि वैज्ञानिक द्वारा प्राप्त जानकारियों को एकत्र कर भोजन के लिए सभी माध्यमिक शाला लखनपुर आ गए जहां सभी छात्र छात्राओं ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया और भोजन के पश्चात सभी छात्र छात्राओं ने कृषि विज्ञान केंद्र में शैक्षणिक अनुभव पर चर्चा किया जिसमें प्रत्येक संस्था के सभी छात्र छात्राओं ने अपना अपना अभिमत प्रकट किया तथा विद्यार्थियों द्वारा ड्रॉइंग पेंटिंग और लेख द्वारा भ्रमण के संस्मरण लिखे गए। जिला नोडल अधिकारी डॉ फरहाना अली के निर्देशानुसार शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी भवानी गोपाल के द्वारा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के पश्चात शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत प्रोजेक्ट फाइल जमा करने संबंधी मार्गदर्शन दिया गया।

भव्य नाग नागिन मंदिर निर्माण हेतु हुआ भूमि पूजन छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता मनोज करवाएंगे निर्माण

❐ सरजू बांधा श्मशान घाट विकास समिति चलाएगी स्वर्ग रथ ,एंबुलेंस ,लावारिस लाशों का करेगी अंतिम संस्कार निशुल्क

रायपुर (आरएनएस)। सरजू बांधा शमशान घाट विकास समिति के अध्यक्ष माधव लाल यादव और कार्यालय सचिव गोवर्धन झांवर ने बताया कि प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी राजेश अग्रवाल महाशिवरात्रि के अवसर पर सोमेश्वर महामंदिर महादेव मंदिर आकर उन्होंने दर्शन किया और मुक्तिधाम का निरीक्षण अवलोकन करने के पश्चात समिति की बहू प्रशिक्षित विगत 27 वर्षों से मांग को गंभीरता से लेते हुए समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए शीघ्र ही मुक्तिधाम में बाउंड्री वाल निर्माण और अन्य विकास कार्य कराने की घोषणा की ।यहां पर यह बता देना लाजमी होगा कि वह अधूरे बाउंड्री वाल की वजह से लोगों ने उसे आम रास्ता बना लिया है और मृतकों के कच्चे-पक्के मठ पर मल मूत्र का त्याग करते हैं तथा तोडफ़ोड़ भी करते हैं मुक्तिधाम परिसर में अपराधिक तत्वों का जमावड़ा भी रहता है . मुक्तिधाम में बाउंड्री वाल हो मृतकों के कच्चे-पक्के मठ सुरक्षित रहें लोगों की आस्था से खिलवाड़ ना हो इस हेतु विगत 27 वर्षों से संघर्ष कर रहे माधव लाल यादव ने बताया कि जनप्रतिनिधियों से कई बार मांग करने के पश्चात भी बाउंड्री वाल को अधूरा छोड़ दिया गया है. 27 वर्षों का सपना अब पूरा होने जा रहा है उद्योगपति राजेश अग्रवाल जी के उक्त घोषणा से शहर का यही एक ऐसा श्मशान घाट है जहां दफनाने की भी सुविधा उपलब्ध है. आसपास के क्षेत्र के हजारों लोगों ने राजेश अग्रवाल जी की भूरी भूरी प्रशंसा की है और उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

यादव ने बताया कि प्रात: 8:00 बजे नाग नागिन की बनने वाली भव्य मंदिर हेतु मंदिर निर्माण करने वाले दानदाता मनोज खरे ,छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता और छत्तीसगढ़ विधानसभा पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर शंकर अग्रवाल ने विधिवत भूमि पूजन किया भूमि पूजन को पंडित लक्ष्मी नारायण शर्मा ने संपन्न कराया ।उसके पूर्व सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्रात: 5:00 बजे पहली बार भस्म आरती की गई और अभिषेक किया गया। तत्पश्चात शाम 5:00 बजे भोलेनाथ की विशेष शृंगार किया गया जिसमें भगवान को अर्धनारीश्वर रूप महाकाल का रूप दिखाया गया उक्त तैयारी खुशी झंवर ने की। शाम 7:00 बजे महाआरती किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कन्हैया अग्रवाल उपस्थित हुए। भजन संध्या के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद समीर अख्तर, और अध्यक्षता पार्षद सतनाम सी पनाग ने की।

संस्था शीघ्र ही मानव सेवा के क्षेत्र मे बड़ा कार्य करने जा रही हैं। मृतकों को सा सम्मान मुक्तिधाम पहुंचाने स्वर्ग रथ वाहन ,एंबुलेंस बॉडी ,फ्रीजर ,सीआरपी जवान पुलिस जवानों की शहीदों के पार्थिव शरीर को सा सम्मान सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक मरचूरी की व्यवस्था तथा लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार विधि विधान से करने जा रही है।

इस हेतु समिति के कार्यालय भवन का विधिवत उद्घाटन रीबन काटकर अध्यक्ष माधव लाल यादव और पदाधिकारियों ने किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU